<u>सूचना</u>

अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्त्ती) का कार्यालय,

05, हार्डिंग रोड, नजदीक सप्तमूर्ति (शहीद स्मारक), पटना–800001

संदर्भः विज्ञापन संख्या 03/2020

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 03/2020 से संबंधित अभ्यर्थी नितिन चन्द्रा रौल नम्बर 2427060448 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा CWJC NO- 891/2023 में दिनांक 18.04.2023 को पारित आदेश के आलोक में।

केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या 03/2020 के अन्तर्गत वन पर्यावरण जलवायु परिवर्तन विभाग में वनरक्षी पद के 484 रिक्त पदों के विरूद्ध अंतिम रूप से चयनित योग्य 472 अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 30.06.2022 को पर्षद की वेबसाईट पर प्रकाशित की गयी थी।

(2) इस कम में अभ्यर्थी नितिन चन्द्रा द्वारा माननीय उच्च न्यायालय, पटना में CWJC No-891/2023 दायर किया गया। माननीय उच्च न्यायालय, पटना द्वारा दिनांक 18.04.2023 को न्यायादेश पारित कर नियुक्ति प्राधिकार को चिकित्सीय बोर्ड गठित करवाकर इनकी आँखों की पुनर्जांच कराने का निर्देश दिया गया। उक्त न्यायादेश के अनुपालन में अभ्यर्थी नितिन चन्द्रा की आँखों की जाँच सिविल सर्जन, पटना द्वारा गठित चिकित्सीय बोर्ड द्वारा दिनांक 05.07.2023 को तथा पुनः अधीक्षक, पी0एम0सी0एच0, पटना द्वारा गठित चिकित्सीय बोर्ड द्वारा दिनांक 19.09.2023 को कराये जाने पर, इनकी आँखों का COLOUR VISION NORMAL पाये जाने के आलोक में नियुक्ति प्राधिकार द्वारा पत्रांक 175 दिनांक 25.04.2024 द्वारा चिकित्सीय रूप से योग्य घोषित किया गया है। इनका लिखित परीक्षा का प्राप्तांक इनके श्रेणी EBC-M के कट–ऑफ मार्क्स से अधिक है। फलस्वरूप दिनांक 06.05.2024 को आयोजित पर्षद की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में नितिन चन्द्रा को विज्ञापन संख्या 03/2020 के अन्तर्गत EBC-M श्रेणी में शेष रिक्ति के विरूद्ध वनरक्षी पद पर नियुक्ति हेतु चयनित करते हुए नियुक्ति की अनुशंसा की गई है।

ह0/–
विशेष कार्य पदाधिकारी,
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)
बिहार, पटना।

ज्ञापांक....431..../के0च0प0 दिनांकः– 08 05.2024

अध्यक्ष, केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्त्ती) का कार्यालय,
05, हार्डिंग रोड, नजदीक सप्तमूर्ति (शहीद स्मारक), पटना–800001

Rajbaitha 08/05/24

विशेष कार्य पदाधिकारी,
केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती)
बिहार, पटना।